नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

हिंदी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का आयोजन

भारतीय ज्ञान परंपरा और उसका वर्तमान संदर्भ पर परिचर्चा

वर्धा, दि.08 नवंबर 2019 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में शिक्षा विद्यापीठ की ओर से सोमवार, 11 नवंबर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है । इस अवसर पर सुबह 7.30 बजे गांधी हिल से रैली निकाली जाएगी । दोपहर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन में 'विकसित राष्ट्र की यही कल्पना, शिक्षित पूरे देश को करना' विषय पर निबंध एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता होगी । **भारतीय ज्ञान परंपरा और उसका वर्तमान संदर्भ पर** परिचर्चा का आयोजन महादेवी वर्मा सभागार में सायं 4.00 बजे किया जाएगा । परिचर्चा में कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल मुख्य वक्ता होंगे । कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए डॉ.शेष कुमार शर्मा, प्रीति खोड़े, डॉ. रामार्चा प्रसाद पाण्डेय, डॉ.अप्रमेय मिश्र, डॉ.सुहासिनी बाजपेयी, तक्षा शंभरकर, डॉ.रजनीश अग्रहरि, संजीव राज, धर्मेन्द्र शंभरकर, समरजीत यादव, डॉ.सरिता चौधरी, डॉ. शिल्पी कुमारी, डॉ.ऋषभ कुमार मिश्र, सारिका राय शर्मा समन्वयक होंगे। कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील शिक्षा विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो.मनोज कुमार ने की है।